वनभूमि पर सात हजार पेड़ों से छायी हरियाली

कोटा, (निसं)। शहर की एक संस्था ने झालावाड़ रोड़ पर 500 बीघा पथरीली जमीन को हरियाली से आच्छादित करने का बीड़ा उठाया और चार साल से निरंतर पौधारोपण कर बंजर वनभूमि में 7000 से अधिक हरे-भरे पेड़ विकसित कर 'आनंद वन' का सपना सच कर दिखाया। कोटा यूथ सोसायटी के अध्यक्ष विकास सैनी ने बताया कि कोराना काल वर्ष 2020 में वन विभाग के उपवन संरक्षक रवि मीणा ने अनंतपुरा फोरलेन से आगे यह बंजर जमीन युवाओं को पौधे लगाकर हराभरा बनाने की अनुमति प्रदान की। सोसायटी के युवा सदस्यों ने अवकाश के दिन वहां जाकर वन विभाग के साथ मिलकर नीम, पीपल, बरगद, कदम, देशी बबूल, अर्जुन, छेल, जंगल जलेबी, खेजड़ी सहित उपयोगी किस्मों के 7 हजार से अधिक पौधे लगाए, जो अब बडे.होकर हरे-भरे पेड़ बन चुके हैं। पथरीली भूमि में गढ्डे करना चुनौती-सचिव पवन गुर्जर का कहना है कि युवा सदस्यों ने जब यहां पौधे लगाने के लिये गड्डे खोदना शुरू किया तो पथरीली जमीन होने से गड्ढे करना मुश्किल सा हो गया। डीएफओ रवि मीणा ने पर्यावरण हित में संस्था की समर्पित कार्यशैली देख वहां वन विभाग की ओर से गड्ढे खुदवाकर बाहर से मिट्टी डलवाई और पेड़ों की सुरक्षा के लिये चारो ओर चारदीवारी भी करवा दी। अवकाश के दिन करते हैं।

ऐतिहासिक होगा लोकसभा अध्यक्ष बिरला का बूंदी में स्वागत

ऊर्जा राज्य मंत्री एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने की तैयारियों की समीक्षा

बूंदी। ऊर्जा राज्य मंत्री एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को बूंदी के निजी रिसोर्ट में प्रबुद्धजनों एवं व्यापारियों के साथ बैठक ली।
इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बूंदी जिले के विकास के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनो में बूंदी जिले में ऐतिहासिक विकास होगा। विकास में कोई नहीं रखी जाएगी और हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

राज्यमंत्री ने इस दौरान आगामी 6 जुलाई को प्रस्तावित लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रथम बार बूंदी आगमन को लेकर आयोजित कार्यक्रमों के लिए की गई तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष 6 जुलाई को सुबह 10 बजे हवाई मार्ग से हिंडोली पहुंचेंगे। यहां हिंडोली में उनका भव्य स्वागत कार्यक्रम होगा और इसके बाद बूंदी के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष दोपहर 12 बजे बूंदी शहर में प्रवेश करेंगे। इस दौरान बाईपास तिराहा, देवली रोड, सूर्यमल मिश्रण चौराहा, सब्जी मंडी रोड, इंदिरा मार्केट ,कोटा रोड, अहिंसा सर्किल ,बस स्टैंड, तीन बत्ती चौराहा, सर्किट हाउस, देवपुरा में स्वागत का कार्यक्रम तय किया गया है। बैठक में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार जिला प्रभारी मंत्री के समक्ष रखें। सभी प्रबुद्धजनों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के स्वागत को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। जगह-जगह तोरण द्वार, मंच और पुष्प वर्षा के माध्यम से बिरला का भव्य स्वागत किया जाएगा। बैठक को पूर्व विधायक अशोक डोगरा, जिलाध्यक्ष सुरेश अठावाल एवं शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी ने भी संबोधित किया। बैठक के दौरान पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, पूर्व सभापति महावीर मोदी, नूपुर मालव , सत्य प्रकाश मोजी नुवाल, अशोक जैन, मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन, पार्षद नवीन सिंह ,महावीर जैन दिलीप सिंह सहित महेश्वरी पंचायत संस्थान अध्यक्ष, जैन समाज, मीणा समाज, सैनी समाज, राठौर समाज, चावल संघ, आढतिया संघ, क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन, बिलोची समाज, सिंधी समाज, सर्व ब्राह्मण महासभा, राठौर समाज, बरवा समाज, प्राइवेट स्कूल वेलफेयर सोसाइटी, संयुक्त व्यापार महासंघ, पेट्रोलियम संघ, रोटरी क्लब, भारतीय मजदूर संघ, नर्सेज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। चावल उद्योग संघ के अध्यक्ष नीरज गोयल के नेतृत्व में चावल व्यापारियों ने जिला प्रभारी मंत्री का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता निर्मल मालव ने किया।

ऊर्जा राज्य मंत्री एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को बूंदी के निजी रिसोर्ट में प्रबुद्धजनों एवं व्यापारियों के साथ बैठक ली।

ऊर्जा मंत्री ने सांगोद पंचायत समिति में ली बैठक

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में सोमवार को पंचायत समिति सांगोद में बैठक आयोजित की गई जिसमें ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण एवं ग्राम विकास संबंधी कार्यों में सभी तकनीकी मापदंड सुनिश्चित किए जाएं एवं आदर्श मानकों पर गुणवत्तापूर्ण सड़क, सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाऐं। ऊर्जा मंत्री ने बारिश के मौसम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को एन्टी लार्वा एक्टिविटी और सघन करने व स्वास्थ्य केंद्रों पर समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में जल भराव वाले क्षेत्रों को पहले ही चिन्हित करें एवं अतिवृष्टि की स्थिति में क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करने के लिए संसाधन तैयार रखें। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में सतर्कता बरती जाए एवं पुराने व फॉल्ट तार बदलना सुनिश्चित करें ताकि कोई विद्युतजनित दुर्घटना ना हो। उन्होंने कहा कि बिजली संबंधी शिकायतों के लिए ग्राम पंचायत स्तर व खंड स्तर पर शिकायत निवारण व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएं ताकि आमजन की समस्याओं का समाधान अविलंब किया जा सकें। ऊर्जा मंत्री ने टूटी सड़कों की मरम्मत संबंधी प्रपोजल तैयार कर प्रस्तुत करने, जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों की सूची बनाने व जिन विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष बनाए जाने है।

सार-समाचार

नवजात शिशुओं को बेबी किट भेंट

कोटा, (निसं)। महावीर इन्टरनेशनल केन्द्र, सखी वीरा केन्द्र व युवा केन्द्र सयुंक्त रुप से सोमवार को जे.के.लोन हॉस्पिटल नयापुरा में स्वर्णिम जयन्ती वर्ष प्रारम्भ सेवा सप्ताह के प्रथम दिन प्रथम सेवा के रुप मे नवजात शिशुओं को 50-50 (100) बेबी किट वितरित किये गये। राजेन्द्र थातेडिया गर्वनर काउंसिल मेम्बर राजेन्द्र बज, केंद्र अध्यक्ष नरेश पांड्या, राजेश बागरेचा, नरेन्द्र जैन, अशोक लुहाड़िया, रमेश वैद्य सखी, केन्द्र की अध्यक्षा वीरा सुलोचना जैन मिथिलेश जैन, ज्योति जैन और युवा केन्द्र के अध्यक्ष अंकित जैन, नवीन जैन, कुलदीप जैन, शालीन जैन, श्रेयांश जैन, डॉ.सुनील जैन मौजूद रहे। अधीक्षक डॉ.निर्मला शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक डॉ.नवीन शर्मा का भी इस कार्यक्रम में सहयोग प्राप्त हुआ। अन्त में केन्द्र के सचिव संजय जैन का सभी का धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सखी वीरा केंद्र सुलोचना जैन, अध्यक्ष युवा केंद्र अंकित जैन आदि मौजूद थे।

चिकित्सक दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। इनरव्हील क्लब कोटा की अध्यक्ष चारू जैन एवं सचिव डॉ.नीता जैन ने बताया कि आई.एल.के मंदिर परिसर में पूजा उपयोगी पौधे लगाऐं गऐं। सत्र की शुरुआत पूजा अर्चना से की गई। तदुपरांत विज्ञान नगर डिस्पेंसरी में चिकित्सकों का सम्मान किया गया। लोगों से पोस्टर लगाकर अपील की गई कि वह संयम रखें और डॉक्टरों से दुर्व्यवहार न करें। क्लब कीपी डि.सी., पास्ट प्रेसिडेंट सहित निशा जैन, अंजली अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, अनिता गोयल, रीना शर्मा, पुष्पा गुप्ता, रेणु अग्रवाल, किरण अग्रवाल, अनिता गर्ग, जयश्री जेलिया, रेखा सिंह, आरती गर्ग आदि सदस्याएं उपस्थित रही। अंत में सचिव नीता जैन ने सभी का आभार प्रकट किया।

निशुल्क फिजियोथेरेपी परमार्श

कोटा, (निसं)। न्यू कॉलोनी स्थित श्री आनंदपुर दरबार मैं रविवार को नि:शुल्क फिजियोथेरेपी परामर्श शिविर लगाया गया।शिविर मैं मुख्य अतिथि दादा मोहन रहे। दरबार के सेवाधारी ने बताया की शिविर मैं निजधाम फिजियोथेरेपी एन्ड न्यूरो स्पाइन केयर के डॉ आयुष रोहिड़ा व डॉ सेबी साजवानी ने अपने फिजियोथेरेपीस्टों की टीम के साथ 45 मरीजों को सेवाएं प्रदान की। सेवाओं मैं गर्दन का दर्द, फ्रैक्चर के बाद की अकड़न, पीठ मैं दर्द एवं टेनिस एल्बो जैसी विभिन्न स्थितियों का उपचार शामिल था। रोगियों को घर पर करने वाले सरल व्यायाम के बारें मैं भी बताया। शिविर मे डॉ.आयुषी सख्या, शिवानी एवं समस्त सेवाधारियों का सहयोग रहा।

छात्रावास प्रवेश के लिए आवेदन 25 तक

कोटा, (निसं)। राजकीय अल्पसंख्यक बालिका एवं बालक छात्रावास टेगौर नगर योजना में कक्षा 9 से स्नात्कोत्तर कक्षाओं में तथा कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत् अल्पसंख्यक वर्ग की बालिकाओं एवं बालकों से नि:शुल्क आवास एवं अन्य सुविधाओं के प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विद्यार्थी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय से नि:शुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर 25 जुलाई तक वांछित दस्तावेजों सहित जमा करा सकते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, टी.सी. की प्रति, वर्तमान संस्थान में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र व फीस रसीद, गत वर्ष की मार्कशीट एवं परिवार का सहमति पत्र के साथ जमा कराना होगा।

समस्या समाधान शिविर 4 जुलाई को

कोटा, (निसं)। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कोटा द्वारा जिला बारां क्षेत्र के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं तथा उनके आश्रितों के कल्याण के लिए समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कर्नल रविन्द्र सिंह राठौड़ से.नि.) ने बताया कि 4 जुलाई को मनिहारी तालाब के पास, कोटा रोड़, बारां में प्रातः 10 बजे समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पेंशनर, भूतपूर्व सैनिक, वीरांगनाएं अपने मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर समस्याओं का समाधान करवा सकेंगे।

अरविन्द पाण्डेय संभागीय प्रधान मनोनीत

कोटा, (निसं)। आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान पद पर अरविन्द पाण्डेय तथा महामंत्री पद पर एडवोकेट चंद्रमोहन कुशवाहा का मनोनयन किया गया। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभा के मीडिया प्रभारी अग्निमित्र शास्त्री ने बताया कि आर्य उप प्रतिनिधि सभा के पूर्व प्रधान स्मृति शेष अर्जुन देव चड्ढ़ा के आकस्मिक देहवासन हो जाने कारण रिक्त चल रहे प्रधान पद पर अरविन्द पाण्डेय को संभागीय प्रधान मनोनीत किया गया। इसके साथ ही महामंत्री पद रिक्त के हो जाने पर वरिष्ठ मंत्री एडवोकेट चंद्रमोहन कुशवाहा का महामंत्री पद पर मनोनयन किया गया। शास्त्री ने बताया कि योग भवन विज्ञान नगर योग भवन में आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई, बैठक में सर्व समिति से अरविन्द पाण्डेय को संभागीय प्रधान तथा वरिष्ठ मंत्री चंद्र मोहन कुशवाहा को संभागीय महामंत्री बनाया गया। इस अवसर पर आर्य उप-प्रतिनिधि सभा की बैठक में कार्यकारिणी सदस्य सुमनबाला सक्सेना, कैलाश बाहेती, पी.सी मित्तल, सुदेश आहूजा, लालचंद आर्य, वैदिक विद्वान आचार्य शोभाराम आर्य, पंडित श्योराज वशिष्ठ, राकेश चडढ़ा, भेरूलाल शर्मा, किशन आर्य हरियाणा, आनंदीलाल कुशवाहा, यशवेंद्र सिंह डोड उपस्थित रहे। प्रधान मनोनीत किए जाने के उपरांत पाण्डेय ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए।

'वर्षाकाल में विशेष सतर्कता बरतें'

कोटा, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी ने निर्देश दिए हैं कि वर्षा के दौर में संबंधित विभाग अपनी आवश्यक तैयारियां पूरी करते हुए विशेष सतर्कता बरतें और शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यालयों में सुरक्षा मापदंडों की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही समय रहते सुनिश्चित की जाए। सभी कार्यालयों में विद्युत संबंधी सेफ्टी ऑडिट कराई जाए। भवनों की छतों पर जलभराव एवं रिसाव न हो इसके लिए आवश्यक कार्यवाही की जाऐं। जिला कलक्टर ने सोमवार को साप्ताहिक बैठक में उप निदेशक स्थानीय निकाय एवं नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि वर्षा जलभराव की सूचना पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ

बून्दी। सोमवार को बाण गंगा स्थित नृसिंह आश्रम में षष्ठम सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ पूजा अर्चना के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। ब्रह्मलीन महंत परमहंस श्री श्री 1008 श्री नृसिंहदास जी महाराज' की असीम कृपा एवं ब्रह्मलीन महंत परमहंस 'श्री श्री 1008 श्री बजरंग दास जी महाराज (लाल लंगोट वाले बाबा) के आश्रम में गुरु पूर्णिमा तक अनवरत चलने वाले इस सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ आचार्य विष्णुदत्त शर्मा के सानिध्य में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक डोगरा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश अठावाल ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया।

आश्रम से जुडे भरत शर्मा ने बताया कि बजरंग जनकल्याण एवं आध्यात्मिक समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष गिरिराज प्रजापत, सचिव दिलीप शर्मा उर्फ कालू, कोषाध्यक्ष कन्हेयालाल शर्मा एवं धर्म प्रेमी कालू कटारा, चेतन शर्मा, दिलीप शर्मा, बृजेश शर्मा, पं. ज्योतिशंकर शर्मा, कृष्णमुरारी चतुर्वेदी, विठ्ठल सनाढ्य, अनिल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, दुर्गालाल राठौर, मोहित शर्मा, लोकेश शर्मा, चेतन पंचोली, आदित्य शर्मा, पंकज शर्मा, बंटी पंचोली, दीपक पंचोली, मनीष तिवारी, हर्षवर्धन शर्मा, अरविंद शर्मा, भोलाशंकर दुबे, आयुष शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

बून्दी नृसिंह आश्रम में षष्ठम सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ हुए।

साधारण सभा आयोजित

कोटा, (निसं)। जैन श्वेतांबर सोश्यल संस्था की ओर से सोमवार को साधारण सभा के साथ-साथ फैमिली पिकनिक का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के सदस्यों ने बल्लोप बायपास स्थित वाटर पार्क में विभिन्न एक्टीविटीज में भाग लेकर भरपूर आनंद उठाया। जैन श्वेतांबर सोश्यल संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ टैक्स एडवोकेट बीसी बाबेल ने बताया कि संस्था की साधारण सभा में संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सभा में राजेश चतर व अशोक जैन का सम्मान किया गया। साधारण सभा में 160 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक निर्भय जैन, अनिल दक व अशोक दुग्गड़ सहित सभी सदस्यों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी गई।

ध्वजारोहण के साथ रक्तदान कर मनाया 76वां सी.ए.-डे

कोटा, (निसं)। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर कोटा सीए ब्रांच की ओर से सोमवार को न्यू धानमंडी स्थित ब्रांच कार्यालय में सीए डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान संस्था की ओर से कार्यालय में ध्वजारोहण के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए प्रकाश चौधरी व सीकासा कमेटी के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल ने बताया कि जलसा कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सीए स्टूडेंट्स के साथ सीए सदस्यों ने भी भाग लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम में कुल 111 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में ब्लड डोनेशन करने वाले सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। प्रोग्राम डायरेक्टर सीए आशीष व्यास, सीए विष्णु गर्ग व सीए सौरभ जैन ने बताया कि रक्तदान महादान है। दान की गई रक्त की दो बूंद किसी का जीवन बचा सकती है। सभी को वर्ष में कम से कम चार बार रक्तदान अवश्य करना चाहिऐं। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति कई प्रकार की बीमारियों से सुरक्षित रहता है। शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित भी किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक सीए दर्शन पिपलानी, सीए जे.एन. खंडेलवाल, सीए योगेश चांडक, सीए रजनी मित्तल, सीए कौशल अग्रवाल व सीए नवनीत विजय, सीए विशाल गुप्ता, सीए डी.सी.मित्तल, सीए अंकुर नागर, सीए केशव बाहेती, सीए अंकुर विजयवर्गीय, सीए अरविंद गुप्ता, सीए अमित कुमार अग्रवाल, सीए प्रवीण मूंदड़ा, वाईस चेयरमैन सीए पंकज दाधीच व सीपीई कमेटी के चेयरमैन सीए रोहित पाटौदी समेत दर्जनों सीए सदस्य व सीए स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

'अधिग्रहित जमीन का मुआवजा जल्दी मिले'

कोटा, (निसं)। भारतीय किसान संघ ने किसानों को भारतमाला एक्सप्रेस वे में अधिग्रहित जमीन का मुआवजा जल्दी देने की मांग की है। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश कलमंडा, जिला मंत्री रूपनारायण यादव के नेतृत्व में भारतीय किसान संघ जिला कोटा का प्रतिनिधि मंडल आज विद्युत मंत्री हीरालाल नागर से उनके निवास पर मिलकर के तहसील दीगोद के उपखंड अधिकारी द्वारा बकाया मुआवजा किसानों को पिछले चार वर्ष से भुगतान नहीं किए जाने पर नाराज़गी जताई। संबंधित विभाग द्वारा राशि उपखंड अधिकारी कार्यालय के खातें में भिजवाने के बाद भी अभी तक किसानों को भुगतान नहीं किया गया हैं। जिससे किसान काफी परेशान है किसानों ने जमीन के बदले अन्य जगह जमीन खरीद करके राशि का भुगतान करना है, समय पर राशि किसानों को नहीं मिलने के कारण किसान परेशान हैं। उपखंड अधिकारी से मंत्री द्वारा दूरभाष पर वार्ता करने पर बताया कार्यालय में स्टाफ की कमी के कारण किसानों को भुगतान नहीं किया जा रहा हैं। जो कि तर्क संगत नहीं है। प्रतिनिधि मंडल में जिला मंत्री रूप नारायण यादव, कार्यालय मंत्री महावीर नागर, डेयरी प्रमुख भवानी शंकर नामा, मौजूद रहे। जिला मंत्री रूपनारायण यादव ने बताया अगर समय पर उपखंड अधिकारी द्वारा किसानों की बकाया मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया तो, भारतीय किसान संघ आन्दोलन के लिए बाध्य होगा।

बटरफ्लाई लर्निंग ने कोटा में अपना सेंटर लॉन्च किया

कोटा, (निसं)। बटरफ्लाई लर्निंग, बाल चिकित्सा व्यवहार और विकास संबंधी स्वास्थ्य में विशेषज्ञता रखने वाला एक अनूठा व रचनात्मकमंच, ने कोटा के श्रीनाथपुरम डी में अपने नव-श्रृंगारित सेंटर का विधिवत सोमवार को शुभारंभ किया।बटरफ्लाई लर्निंग का कोटा सेंटर एक ही छत के नीचे पिडियाट्रिक और पिडियाट्रिक न्यूरोलॉजी परामर्श, असेसमेंट और न्यूरो डेवलपमेंटल थेरेपी प्रदान करेगा। इस सेंटर में कंसलटेशन रूम, 4-5 थेरेपी रूम, और एक एडमिन रूम बनाए गए हैं जबकि एक खेल का मैदान भी है। बटरफ्लाई लर्निंग के क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. सौरभ शर्मा ने बताया कि, बटरफ्लाई लर्निंग में, हर बच्चे को फलने-फूलने और अपनी अधिकतम क्षमता तक पहुँचने का अवसर मिलेगा। कोटा में इस नए सेंटर की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो ऊर्जा से भरपूर और स्वागत करनेवाले माहौल में व्यापक सहायता और व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करता है।" इस रचनात्मक मंच की मुख्य विशेषताओं में एप्लाइड बिहेवियर एनालिसिस पर आधारित व्यक्तिगत थेरेपी कार्यक्रम, अनुभवी बाल रोग विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिस्ट या विकास संबंधी बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श और ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी, ओरल प्लेसमेंट थेरेपी और सेंसरी इंटीग्रेशन जैसी सप्लीमेंट्री थेरेपी भी शामिल हैं। बटरफ्लाई लर्निंग कोटा सेंटर की ऑनर डॉ.रितिका जैन ने कहा, "हम कोटा में स्वास्थ्य सेवा का एक नया दृष्टिकोण लाकर उत्साहित हैं जो सहभागिता को सबसे आगे रखता है। एक टीम के रूप में एक साथ काम करते हुए; बाल रोग विशेषज्ञ, न्यूरोलॉजिस्ट, चिकित्सक और परिवार, हम कस्टम-निर्मित योजनाएं बना सकते हैं जो प्रत्येक बच्चे को प्रकाशमान बनाने के लिए जरूरी उपकरण प्रदान करती हैं।" बटरफ्लाई लर्निंग को क्यूएबीए, क्वालिफाईड एबीए बोर्ड और बीएचसीओई से मान्यता प्राप्त हुई है, जिसका अर्थ है बिहेवियरल हेल्थ सेंटर एक्सीलेंस! कंपनी केपास आईएसओ 27001 का प्रमाणन है और डेटा सुरक्षा व रोगियों की गोपनीयता को प्राथमिकता देने के लिए एचआईपीएए और जीडीपीआर का अनुपालन भी सुनिश्चित करती है। बटरफ्लाई लर्निंग की एक खास बात यह है कि यहां बाल रोग विशेषज्ञ, न्यूरोलॉजिस्ट, एबीए, स्पीच और ओटी थेरेपिस्ट एक ही प्लेटफॉर्म पर अनूठी सहभागिता कर रहे हैं। यह सहयोगात्मक प्रयास बच्चों के लिए थेरेपी कार्यक्रमों को डिजाइन करने, डिलिवर करने और निगरानी करने के लिए समर्पित है, जिससे अंततः बेहतर परिणाम सामने आते हैं। यह प्रतिबद्धता प्रभावशाली ग्राहक संतुष्टि दरों के साथ-साथ 12 महीने की औसत थेरेपी अवधि और थेरेपी के बाद 50 प्रतिशत से अधिक बच्चों का मुख्यधारा के स्कूलों में सफल एकीकरण में साबित होती हैं।

हादसे में दो युवकों की हुई मौत, शहर में छाया शोक

अकाल मौत बनकर आया वाहन, साइड दी तो खाई में लुढ़कती चली गई थार

नैनवां,। थाना क्षेत्र के जवानो का झोपड़ा एनएच 148 डी हाईवे पर हुआ हादसे में दो युवको की मौत हो गई। तीन युवक कोटा के नीजी चिकित्सालय में भर्ती है,जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस की जानकारी के अनुसार रविवार रात्रि को करीब एक बजे के बाद पांच युवा साथी थार गाड़ी में बैठ कर हाईवे पर स्थित ढाबे में खाना खाने के लिए जा रहे थे। नैनवां से जजावर की तरफ जाते समय जवानो का झोपड़ा हाईवे मोड़ पर सामने से आ रहा वाहन को साइड देते समय एकाएक थार गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में लुढ़कती चली गई। दूर्घटना की जानकारी होने पर नैनवां पुलिस थानाधिकारी महेन्द्र कुमार यादव सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुँचे। पुलिस जवानो ने तुरन्त घायलो को उपजिला चिकित्सालय पहुँचाया। जहां चिकित्सक ने रामबाबू नागर आत्मज घासीलाल नागर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया गया। शेष घायलो में बनवारी जाट पुत्र जगदीश,राकेश धाकड़ पुत्र बाबू, चिराग चौधरी पुत्र विक्रम सिंह एंव नितिन पुत्र मथूरादास जांगिड़ को बून्दी रैफर किया गया। घायलो की हालत गंभीर होने से चारो को बून्दी से कोटा रैफर किया गया। जहां इलाज के दौरान एक नीजी चिकित्सालय में चिराग चौधरी की भी सांसे थम गई। पुलिस ने कोटा में ही पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो को सुर्पद किया गया वहीं नैनवां उपजिला चिकित्सालय की मोर्चरी में भी परिजनो की मौजूदगी में रामबाबू नागर के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो को सुर्पद किया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक के भाई रामलाल द्वारा पुलिस को दी गई रिर्पोट में बताया कि पांचो साथी सरिया की गाडी को खाली करवाने के बाद थार गाडी में बैठ कर हाईवे पर स्थित ढाबे में खाना खाने जा रहे थे। जवानो के झोपड़ा के पास सामने से आ रही गाडी को साइड देने के चक्कर में थार गाडी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में उसके भाई राम बाबू नागर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके जॉच शुरू कर दी है। हादसे के बाद चिकित्सालय में जुटी भीड़- हाईवे में हुआ हादसे में दो युवाओ की मौत की जानकारी सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई। सवेरे से उपजिला चिकित्सालय में लोगो की भीड़ जमा हो गई। हर कोई घायलो की कुशलक्षेम पहुँचने आ रहे थे। पुलिस ने उपजिला चिकित्सालय पर आवश्यक कार्यवाही के बाद शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो को सुर्पद किया गया। हादसे के बाद परिजनो सहित लोगो की आंखे नम थी। सामने से आ रहा वाहन को साइड देते समय थार गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने के बाद वह लूढ़कती चली गई। थार गाडी में बैठे पांच साथियो में से एक युवक की मौके पर मौत हो गईदूसरे साथी की कोटा नीजी चिकित्सालय में मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके जॉच शुरू कर दी है।

हादसे के बाद थार गाडी झाड़ियों में घुस गई।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा
नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना आनन्दपुरा आवासीय योजना भूखंड संख्या 64 श्री धन्नालाल नागर पुत्र श्री रामगोपाल को आवंटन पत्र क्रमांक 264 दिनांक 20.02.1984 को आवंटन किया गया था। आवंटी श्री धन्नालाल नागर पुत्र श्री रामगोपाल की मृत्यु दिनांक 06.06.1984 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान हकदार श्री द्वाराका लाल, श्री तुलसी राम एवं जोधराज पुत्रान स्व. श्री धन्नालाल द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त आवास के नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 64 आनन्दपुरा आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री द्वारका लाल, श्री तुलसी राम एवं जोधराज पुत्रान स्व. श्री धन्नालाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा
क्रमांक 2483 जाहिर आम सूचना दिनांक - 27.6.24

आवास संख्या 2-पी-32 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री नरेश कुमार पुत्र श्री तारा चन्द को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री शिव शंकर शर्मा पुत्र श्री बुद्ध सेन शर्मा के नाम दिनांक 04.06.2010 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री शिव शंकर शर्मा पुत्र श्री बुद्ध सेन शर्मा द्वारा दिनांक 02.07.2010 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। श्री शिव शंकर शर्मा पुत्र श्री बुद्ध सैन शर्मा की मृत्यु दिनांक 16.10.2014 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती मीरा शर्मा पत्नी स्व. श्री शिव शंकर शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 20.04.2016 को श्री दीपक शर्मा पुत्र स्व. श्री शिव शंकर शर्मा के पक्ष में किया गया। श्री दीपक शर्मा पुत्र स्व. श्री शिव शंकर शर्मा का नाम दिनांक 02.12.2020 को रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर हस्तांतरण/प्रतिस्थापन किया गया। तत्पश्चात श्री दीपक शर्मा पुत्र स्व. श्री शिव शंकर शर्मा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 23.09.2021 को श्रीमती रमा जैन पत्नी श्री सुरेश जैन को किया गया। श्रीमती रमा जैन पत्नी श्री सुरेश जैन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-पी-32 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती रमा जैन पत्नी श्री सुरेश जैन का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती रमा जैन पत्नी श्री सुरेश जैन का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती रमा जैन पत्नी श्री सुरेश जैन के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा
क्रमांक 2461 जाहिर आम सूचना दिनांक - 26.6.24

आवास संख्या 4/112 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री अर्जुन दास पुत्र सदोरामल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री चंद्र प्रकाश खण्डेलवाल पुत्र श्री रामचंद्र खण्डेलवाल के नाम दिनांक 26.03.2003 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री चंद्र प्रकाश खण्डेलवाल पुत्र श्री रामचंद्र खण्डेलवाल द्वारा दिनांक 03.07.2003 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री चंद्र प्रकाश खण्डेलवाल पुत्र श्री रामचंद्र खण्डेलवाल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 09.12.2004 को श्रीमती कैलाश बाई पांचाल पत्नी श्री प्रहलाद पांचाल को किया गया। श्रीमती कैलाश बाई पांचाल पत्नी श्री प्रहलाद पांचाल का नाम दिनांक 05.02.2015 को विक्रय पत्र के आधार पर मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्रीमती कैलाश बाई पांचाल पत्नी श्री प्रहलाद पांचाल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 04.03.2015 को श्री सत्येन्द्र मीणा पुत्र श्री बालमुकुन्द मीणा को किया गया। श्री सत्येन्द्र मीणा पुत्र श्री बालमुकुन्द मीणा का नाम दिनांक 29.01.2024 को विक्रय पत्र के आधार पर मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री सत्येन्द्र मीणा पुत्र श्री बालमुकुन्द मीणा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 15.03.2024 को श्रीमती नीतू शर्मा पत्नी श्री लोकेश कुमार शर्मा को किया गया। श्रीमती नीतू शर्मा पत्नी श्री लोकेश कुमार शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4/112 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती नीतू शर्मा पत्नी श्री लोकेश कुमार शर्मा का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती नीतू शर्मा पत्नी श्री लोकेश कुमार शर्मा नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती नीतू शर्मा पत्नी श्री लोकेश कुमार शर्मा के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा
क्रमांक 2521 जाहिर आम सूचना दिनांक - 01.07.24

आवास संख्या 4-सी-6 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री एन्थनी जेम्स पुत्र श्री ए.एम.पी. रायर को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री एन्थनी जेम्स पुत्र श्री ए.एम.पी. रायर द्वारा दिनांक 31.03.1999 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री एन्थनी जेम्स पुत्र श्री ए.एम.पी. रायर की मृत्यु दिनांक 29.04.2021 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री जेम्स अंटोनी अरोकिया फ्रांसिस पुत्र स्व. श्री एन्थनी जेम्स द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का हक त्याग (रिलीज) अपनी माता श्रीमती डेसी जेम्स पत्नी स्व. श्री एन्योनी जेम्स के पक्ष में करने हेतु श्री एन्टोनी सेबेस्टिन मार्टिन पुत्र स्व. श्री एन्थोनी जेम्स के पक्ष में दिनांक 27.04.2024 को स्पेशल पावर ऑफ अर्टोनी दी गई। मृतक के अन्य वारिसानों में (1) श्रीमती ब्रूनो अन्थोनी पुत्री स्व. श्री एन्थोनी जेम्स पत्नी श्री फ्रांसिस अन्थोनी (2) सिसिलिया रोनल्ड डेस्मण्ड पुत्री स्व. श्री एन्थोनी जेम्स (3) श्री एन्टोनी सेबेस्टिन मार्टिन पुत्र स्व. श्री एन्थोनी जेम्स स्वयं एवं बहैसियत मुख्तार खास श्री जेम्स अंटोनी अरोकिया फ्रांसिस पुत्र स्व. श्री एन्थोनी जेम्स द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 30.04.2024 को श्रीमती डेसी जेम्स पत्नी स्व. श्री एन्टोनी जेम्स के पक्ष में किया गया। श्रीमती डेसी जेम्स पत्नी स्व. श्री एन्टोनी जेम्स द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-सी-6 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा को मृत्यु प्रकरण में नाम हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्रीमती डेसी जेम्स पत्नी स्व. श्री एन्टोनी जेम्स के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती डेसी जेम्स पत्नी स्व. श्री एन्टोनी जेम्स के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती डेसी जेम्स पत्नी स्व. श्री एन्टोनी जेम्स के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा